

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष: 02 ■ अंक: 338

ग्वालियर, गुरुवार, 12 दिसम्बर 2019

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.



## विचार

**अगर आपको लगता है कि आप बिल्कुल अकेले हैं, तो सबसे पहले आकाश की तरफ देखें, पूरा ब्राह्माण आपका साथ देने के लिए तैयार है, मगर इसके लिए आपको जरूरत है तो सिर्फ मेहनत करने की।**

* सुरेश सिंह बैस

## न्यूज ट्रैक

### नागरिकता बिल पास होने पर बोलीं सोनिया गांधी, संवैधानिक इतिहास का काला दिन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राज्यसभा से नागरिकता संशोधन विधेयक के पारित होने को भारत के संवैधानिक इतिहास का काला दिन करार देते हुए बुधवार को कहा कि यह उस भारत की सोच को चुनौती है जिसके लिए राष्ट्र निर्माता लड़े थे। सोनिया गांधी ने एक बयान में कहा, आज भारत के संवैधानिक इतिहास में काला दिन है। नागरिकता संशोधन विधेयक का पारित होना तुच्छ सोच वाली और कट्टर ताकतों की भारत के बहुलवाद पर जीत है। उन्होंने कहा, यह विधेयक उस आइडिया ऑफ इंडिया को बुनियादी तौर पर चुनौती है जिसके लिए हमारे राष्ट्र निर्माताओं ने लड़ाई लड़ी। अब इसकी जगह अशांत, विकृत और विभाजित भारत बनेगा जहां धर्म राष्ट्रीयता की पहचान होगी। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के विभाजनकारी एजेंडे के खिलाफ कांग्रेस अपना संघर्ष जारी रखने को प्रतिबद्ध है। गौरतलब है कि राज्यसभा ने बुधवार को नागरिकता संशोधन विधेयक को मंजूरी प्रदान की। लोकसभा ने सोमवार रात इस विधेयक को मंजूरी दी थी। इस विधेयक में अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से धार्मिक प्रताड़ना के कारण भारत आए हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदायों के लोगों को भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने का पात्र बनाने का प्रावधान है।

### एसएसपी के पास पहुंची नाबालिग बोली-शादीशुदा प्रेमी से करा दो शादी

**अमरोहा।** यूपी में अमरोहा जिले के धनौरा थाना क्षेत्र निवासी किशोरी ने एएसपी से मिलकर गुहार लगाई कि शादीशुदा प्रेमी से उसकी शादी कराई जाए। अपर पुलिस अधीक्षक ने इस बावत गजरौला थाना पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। किशोरी मंगलवार की दोपहर परिजनों के साथ एसपी ऑफिस पहुंची और अपर पुलिस अधीक्षक से मिलकर कहा कि गजरौला थाना क्षेत्र के कसेरुआ निवासी युवक के साथ उसका प्रेम प्रसंग चल रहा है। दोनों के बीच फोन पर लंबी बात होती थी। आरोप है कि प्रेमी युवक शादीशुदा है। वह उसके साथ शादी को तैयार है, लेकिन उसके परिजन आड़े आ रहे हैं। प्रेमी के साथ शादी नहीं करने दे रहे हैं। एएसपी से मांग की कि प्रेमी युवक के साथ उसकी शादी कराई जाए। अपर पुलिस अधीक्षक अजय प्रतापसिंह ने गजरौला थाना पुलिस को मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए।

### अमेरिकी के न्यू जर्सी में गोलीबारी, पुलिस अधिकारी सहित छह लोगों की मौत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के न्यूजर्सी शहर में गोलीबारी के बाद चार पीड़ितों तथा दो संदिग्धों सहित छह लोगों की मौत हो गयी। एनबीसी न्यूयॉर्क ने मंगलवार (10 दिसंबर) को न्यू जर्सी शहर के पुलिस अधिकारियों के हवाले से बताया कि कुल छह लोग शहर में हुयी गोलीबारी के बाद मारे गये है। रिपोर्ट के अनुसार पीड़ितों में दो मृतक संदिग्धों के अलावा एक पुलिस अधिकारी और तीन नागरिक शामिल हैं। गोलीबारी में कम से कम एक नागरिक और दो पुलिस अधिकारी घायल हुये है लेकिन उनकी हालत स्थित बतायी गयी है।

### संयुक्त राष्ट्र की अदालत में म्यांमार की सू ची की पेशी रोहिंग्या मुस्लिमों का नरसंहा रोकने को कहा गया

**एएफपी, हेग।** रोहिंग्या मुसलमानों पर दमन के खिलाफ म्यांमार का पक्ष रखने के लिए मंगलवार (10 दिसंबर) को संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष न्यायालय पहुंची नोबेल शांति विजेता आंग सान सू ची को नरसंहार रोकने की अपील का सामना करना पड़ा। पश्चिम अफ्रीकी देश गाम्बिया ने यह मामला उठाया है। रोहिंग्या मुसलमानों के खिलाफ 2017 में सैन्य अभियान को लेकर म्यांमार को न्याय के कठघरे में लाने की यह पहली कोशिश है। रोहिंग्या मुसलमानों के खिलाफ चलाए गए अभियान पर सू ची की चुप्पी से उनकी अंतरराष्ट्रीय साख को धक्का लगा है। वह हेग स्थित न्यायालय में सुनवाई के लिए पहुंची हैं। मानवाधिकार समूहों ने अंतरराष्ट्रीय अदालत में म्यांमार की नुमाइंदगी करने के उनके फैसले की आलोचना की है। उधर, म्यांमार में सू ची के समर्थन में हजारों लोगों ने रैलियां निकाली।

### अग्निपरीक्षा में पास हुई मोदी सरकार

## नागरिकता संशोधन विधेयक को राज्यसभा की मुहर

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने बुधवार को नागरिकता संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी जिसमें अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से धार्मिक प्रताड़ना के कारण भारत आए हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदायों के लोगों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने का प्रावधान है।



राज्यसभा ने बुधवार को विस्तृत चर्चा के बाद इस विधेयक को पारित कर दिया। सदन ने विधेयक को प्रवर समिति में भेजे जाने के विपक्ष के प्रस्ताव और संशोधनों को खारिज कर दिया। विधेयक के पक्ष में 125 मत पड़े जबकि 105 सदस्यों ने इसके खिलाफ मतदान किया। लोकसभा इस विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत के मुसलमान भारतीय नागरिक थे, हैं और बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि उन तीनों देशों में अल्पसंख्यकों की आबादी में खासी कमी आयी है। शाह ने कहा कि विधेयक में उत्पीड़न का शिकार हुए अल्पसंख्यकों को नागरिकता प्रदान करने का प्रावधान है। शाह ने इस विधेयक के मकसदों को लेकर वोट बैंक की राजनीति के विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए देश को आश्वस्त किया कि यह प्रस्तावित कानून बंगाल सहित पूरे देश में लागू होगा। उन्होंने इस विधेयक के संविधान विरूद्ध होने के विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि संसद को इस प्रकार का कानून बनाने का अधिकार स्वयं संविधान में दिया गया है। उन्होंने यह भी उम्मीद जतायी कि यह प्रस्तावित कानून न्यायालय में न्यायिक समीक्षा में सही ठहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुस्लिमों को चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि वे भारत के नागरिक हैं और बने रहेंगे।

### 370 के प्रावधान खत्म करना असंवैधानिक

## कश्मीर की जनता को नजरअंदाज किया गया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में मंगलवार (10 दिसंबर) को दलील दी गयी कि संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधान खत्म करने का केन्द्र का फैसला असंवैधानिक है क्योंकि ऐसा करते समय जम्मू कश्मीर की जनता को नजरअंदाज किया गया। सरकार के इस निर्णय को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से यह भी दलील दी गयी कि जम्मू कश्मीर की स्थिति में किसी भी प्रकार का बदलाव का प्रस्ताव वहां के नागिरकों की ओर से ही आना चाहिए। न्यायमूर्ति एन वी रमण की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता ने दलील दी कि केन्द्र का निर्णय संविधान का उल्लंघन करता है क्योंकि इस बारे में आदेश जम्मू कश्मीर की जनता की सहमति को नजरअंदाज करते हुये जारी किये गये। संविधान पीठ के अन्य सदस्यों में न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्य कांत शामिल हैं। केन्द्र सरकार ने जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने संबंधी संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधान पांच अगस्त को खत्म कर दिये गये थे।



अनुच्छेद 370 के अधिकांश प्रावधान खत्म करने के निर्णय और जम्मू कश्मीर को दो केन्द्र शासित प्रदेशों मे विभाजित करने संबंधी जम्मू कश्मीर पुनर्गठन कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देते हुये शीर्ष अदालत में अनेक याचिकायें दायर की गयी हैं। याचिका दायर करने वालों में वकील, कार्यकर्ता, सामान्य नागरिक और नेशनल कांफ्रेंस, सज्जाद लोन के नेतृत्व वाली पीपुल्स कांफ्रेंस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता मोहम्मद यूसुफ तारिगामी आदि शामिल हैं।

## निर्भया कांड के दोषियों को मेरठ का पवन जल्लाद देगा फांसी

**मेरठ।** निर्भया सामूहिक बलात्कार व हत्या मामले में तिहाड़ जेल में बंद चारों आरोपियों को 16 दिसम्बर के बाद फांसी दिये जाने की संभावना जताई जा रही है। दोषियों को सूली पर लटकाने के लिए मेरठ के पवन जल्लाद के पास फोन भी आ गया है। कारागार महानिदेशक आनंद कुमार ने की तिहाड़ का पत्र मिलने की पुष्टि की है। बता दें कि उत्तर प्रदेश में सिर्फ दो जल्लाद है, लखनऊ के इलियास जल्लाद की है तबियत खराब है।



इधर दिल्ली की मंडोली जेल में रखे गये दिसंबर 2012 के निर्भया सामूहिक बलात्कार-हत्याकांड के एक दोषी को तिहाड़ जेल में स्थानांतरित किया गया है। महानिदेशक (जेल) संदीप गोयल ने बताया कि मंडोली जेल में रखे गये पवन कुमार गुप्ता को हाल ही में तिहाड़ जेल स्थानांतरित किया गया। एक अन्य जेल अधिकारी ने बताया कि गुप्ता तिहाड़ की जेल नंबर 2 में है जहां इस कांड के अन्य दोषियों मुकेश सिंह और अक्षय को भी रखा गया है। चौथा दोषी विनय शर्मा तिहाड़ की जेल नंबर चार में है। निर्भया 23 वर्षीय उस फिजियोथेरेपी इंटर्न का काल्पनिक नाम है जिससे 16 दिसंबर, 2012 को दक्षिण दिल्ली में चलती बस में चालक समेत छह व्यक्तियों ने सामूहिक बलात्कार किया था और उसपर बर्बर हमला किया गया था, जिसके कारण बाद में उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में एक किशोर समेत सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और उन्हें बलात्कार एवं हत्या का आरोपी बनाया गया। उनमें से एक आरोपी रामसिंह ने पुलिस हिरासत में आत्महत्या कर ली। बाकी की त्वरित अदालत में सुनवाई हुई। इस मामले में किशोर को दोषी ठहराया गया और उसे सुधार गृह में तीन साल के लिए भेजा गया। शेष चार बालिग आरोपियों को 10 सितंबर, 2013 को बलात्कार एवं हत्या का दोषी पाया गया और तीन बाद उन्हें मृत्युदंड सुनाया गया।

### त्रिपुरा में सेना की तैनाती, 5000 जवान नॉर्थईस्ट भेजे गए, असम में इंटरनेट सेवा होगी बंद

**नई दिल्ली।** नागरिकता संशोधन विधेयक के खिलाफ असम में व्यापक बंद के एक दिन बाद अब बुधवार को कई जगह ताजा विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। नागरिकता संशोधन विधेयक के खिलाफ असम में भारी विरोध प्रदर्शन को देखते हुए सेना की तैनाती कर दी गई है। बता दें कि नागरिकता संशोधन बिल के लोकसभा में पास होने के बाद बुधवार को राज्यसभा में पेश किया गया और राज्यसभा में बुधवार को इस विधेयक पर चर्चा-बहस हो रही है। साथ ही उत्तर-पूर्वी राज्यों में इस बिल का विरोध किया जा रहा है। समाचार एजेंसी एएएनआई के मुताबिक, त्रिपुरा और असम में प्रशासन ने अब तक तीन सेना की टुकड़ियों की मांग की है। जिनमें से दो की तैनाती त्रिपुरा में कर दी गई है और असम में तीसरी टुकड़ी स्टैंडबाई पर है। अधिकारियों की मानें तो नागरिकता (संशोधन) विधेयक पर प्रदर्शन के बीच असम के 10 जिलों में बुधवार शाम सात बजे से इंटरनेट सेवा अगले 24 घंटे के लिए रोकी जाएगी।



## दिल्ली अग्निकांडः भतीजे के मौत का गम बर्दास्त नहीं कर सकी बुआ ने दम तोड़ा

**नई दिल्ली।** डॉक्टर के पास लेकर जाते उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि राशिद घर में सबसे बड़ा था। वह घर में सबका लाड़ला था। उसकी मौत से सभी दुखी हैं। राशिद की बुआ उसे बहुत प्यार करती थी। वह उसकी मौत का गम बर्दास्त नहीं कर सकी। राशिद कुछ समय पहले ही दिल्ली आया था। यहां उसका दोस्त जाहिद रहता था, वह भी उसके साथ रहने लगा और फैक्टरी में काम करने लगा। रविवार सुबह हादसे का शिकार हो गया।

**एक दिन पहले सूचना दी थी**–हादसे में जान गवाने वाला 20 वर्षीय राहुल अभिनेता बनना चाहता था। यही सपना सजोए वह संत कबीर नगर से दिल्ली आया था। उसके ताऊ अजय ने बताया कि वह घर से बिना बताए दिल्ली आया था। यहां काम कर घर की आर्थिक मदद करना चाहता था। हादसे से एक दिन पहले परिजनों को यह सूचना दी थी कि वह दिल्ली में है।

**अकेला कमाने वाला था**–हादसे में मारे गए मृतक शाजीम की बहन जैतून ने बताया कि वह सहरसा निवासी शजीम की तीन लड़की और एक लड़का है। वह परिवार में अकेला कमाने वाला था। वह बड़ी बेटी की शादी की तैयारी कर रहा था। लेकिन कुदरत को कुछ ओर ही मंजूर था। शादी से पहले ही उसकी मौत हो गई। वह अपनी बेटी की शादी भी नहीं देख सका।

### दिल्ली अग्निकांडः शॉर्ट सर्किट या अलाव की वजह से मची तबाही

**नई दिल्ली।** अनाज मंडी इलाके की फैक्टरी में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट या अलाव तापना हो सकता है। क्राइम ब्रांच इस एंगल से जांच कर रही है। पुलिस ने हादसे के पीछे किसी शरारत या साजिश से इंकार किया है। क्राइम ब्रांच ने बिजली के स्वीकृति और वास्तविक लोड की जांच के लिए बीएसईएस को लिखा है। वहीं दमकल विभाग की टीम भी दो दिन में रिपोर्ट देगी। पुलिस ने इमारत में लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर को कब्जे में लिया है। अगर डीवीआर क्षतिग्रस्त नहीं हुई है तो इससे ठोस सबूत मिलेंगे।

**15 किरायेदार रहते थे**–आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि इस इमारत में 15 किरायेदार थे। तीन किरायेदारों की अग्निकांड में मौत हो गई। इमारत की पहली मंजिल पर आरोपी रेहान की शीशे के फ्रेम बनाने की फैक्टरी थी। अन्य फ्लोर पर किरायेदार थे, जो अपना अलग-अलग काम करते थे। स्थानीय पुलिस से मदद लेंगे ¬पुलिस रेहान और फुरकान के किरायेदार होने के दावे की पड़ताल के लिए सदर बाजार थाने की सहायता लेगी। अगर रेहान रेंट एग्रीमेंट पेश करता है तो इसकी जांच की जाएगी कि उसने किराएदारों का स्थानीय पुलिस से सत्यापन कराया था या नहीं।

### स्वामी चिन्मयानंद को ब्लैकमेल करने की आरोपी छात्रा रिहा होकर जेल निकली बाहर

**शाहजहांपुर।** चिन्मयानंद केस में रंगदारी के आरोप में जेल में बंद छात्रा बुधवार शाम जेल से रिहा कर दी गई। इसके बाद वह नगर उपाध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा की कार में परिजनों के साथ मंदिर गई। कोर्ट ने उसकी रिहाई का परवाना बुधवार शाम को जेल भेज दिया था। सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद छात्रा को 6 बजकर 18 मिनट पर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। चिन्मयानंद केस में छात्रा की गिरफ्तारी 25 सितंबर को उसके घर से की गई थी। इसके बाद अभी 1 सप्ताह पूर्व हाईकोर्ट से छात्रा की जमानत मंजूर हुई, इसके बाद जमानत लेने वालों का सत्यापन कराने की औपचारिकता हुई। औपचारिकता बुधवार को तब पूरी हुई जब जमानतदारों की आख्या थानों से लेकर कोर्ट पहुंची, इसके बाद कोर्ट ने जेल को परवाना भेजा, जिसमें उसे रिहा किए जाने संबंधी आदेश थे। जेल से छात्रा के रिहा होने के बाद मीडिया ने सवाल किए लेकिन छात्रा ने उसके जवाब नहीं दिए। छात्रा के पिता ने कहा जब तक ताकत है तब तक लड़ते रहेंगे, बाकी कोर्ट पर भरोसा है। बता दें कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 4 दिसंबर को पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वामी चिन्मयानंद को ब्लैकमेल करने की आरोपी रेप पीड़िता छात्रा की जमानत अर्जी मंजूर कर ली है।

### सुप्रीम कोर्ट का सख्त आदेश

## हाईकोर्ट जजों की छह माह में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी हो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार (10 दिसंबर) को कहा कि हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति प्रक्रिया छह माह में पूरी की जानी चाहिए। जस्टिस एसके कौल और केएम जोसेफ की पीठ ने यह टिप्पणी उड़ीसा हाईकोर्ट में लंबित एक कंपनी के मामले में सुनवाई करते हुए की। यह मामला वकीलों की हड़ताल के कारण लटक गया था। पीठ ने कहा यदि उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय कोलेजियम और उसके बाद केंद्र सरकार सिफारिश को मंजूर कर लेती है तो यह नियुक्ति छह माह में पूरी हो जानी चाहिए। मामले की अगली सुनवाई 10 जनवरी को होगी।



पीठ ने कहा, पूरे भारत के आंकड़ों से पता चलता है कि उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की 1079 मंजूर संख्या के मुकाबले कार्यरत संख्या केवल 669 है। 410 रिक्तियां हैं। 213 सिफारिशों के सरकार या उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम के पास प्रक्रिया में होने की बात कही गई है जबकि 197 रिक्तियों के लिए उच्च न्यायालय कॉलेजियम से सिफारिशें अभी प्राप्त होनी बाकी हैं। अदालत ने अटॉर्नी जनरल से पूछा कि हाईकोर्ट कोलेजियम ने 213 पदों को भरने के लिए कब सिफारिशें कीं। राज्यों से चर्चा के बाद कानून मंत्रालय ने कब इन्हें सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम को भेजा, इन दोनों तारीखों के बीच कितना समय लगा।

### कश्मीर में नेताओं की हिरासत पर बोले अमित शाह

## किसी को जेल में रखने की मंशा नहीं

> गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार (10 दिसंबर) को लोकसभा में जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर कांग्रेस को राजनीतिक नेताओं से ज्यादा आम आदमी की चिंता करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि नेताओं को हिरासत से छोड़ने का निर्णय स्थानीय प्रशासन की ओर से लिया जाएगा। निचले सदन में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के पूरक प्रश्न के उत्तर में गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कश्मीर के मामले में केंद्र सरकार दखल नहीं देगी।

**नई दिल्ली।** उन्होंने कहा कि जिन राजनीतिक नेताओं को प्रतिबंधित आदेश के तहत जेल में रखा गया है, सरकार की उनमें से किसी को एक दिन भी ज्यादा जेल में रखने की कोई इच्छा नहीं है। जब भी प्रशासन तय करेगा, उनकी रिहाई होगी। दरअसल, चौधरी ने सवाल किया था कि जम्मू-कश्मीर में फारूक अब्दुल्ला और दूसरे नेताओं को कब रिहा किया जाएगा तथा क्या वहां राजनीति गतिविधि बहाल है। जम्मू कश्मीर में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने राजनीतिक गतिविधि की भी चिंता की है। वहां 40 हजार पंच सरपंचों के चुनाव हुए जो वर्षों से नहीं हुए थे। इसके अलावा तालुका और ब्लाक स्तर के चुनाव भी हुए। इसमें लोगों ने बड़े पैमाने पर मतदान भी किया। कांग्रेस ने शेख अब्दुल्ला को 11 साल तक जेल में रखा ¬शाह ने आरोप लगाया कि फारूख अब्दुल्ला के पिता शेख अब्दुल्ला को 11 साल तक जेल में रखा गया और यह कांग्रेस के समय में हुआ। हमारा उनके नक्शे कदम पर चलने का कोई इरादा नहीं है।

**दुकानें बंद रहीं**–घाटी में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के मौके पर अलगाववादियों के बंद के चलते कई जिलों में दुकानें बंद रहीं।

**एसएमएस सेवा शुरू**–प्रशासन ने मंगलवार (10 दिसंबर) को सेवा प्रदाताओं को घाटी में एसएमएस सेवा शुरू करने की अनुमति दे दी ताकि लोग और खासकर व्यापारी वर्ग विभिन्न बैंकों से संदेश हासिल कर सके।



**अदालत ने दो लोगों की पीएसए हिरासत रद्द की**–वहीं दूसरी ओर, जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय ने लोक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत हिरासत में लिए गए दो लोगों को रिहा करने का मंगलवार (10 दिसंबर) को आदेश दिया।अधिकारियों ने बताया कि न्यायमूर्ति अली मोहमद मागरे ने सोमवार को सोपोर के मोहम्मद अशरफ गनी और श्रीनगर के इम्तियाज पहलु की पीएसए हिरासत रद्द कर दी।

### घाटी में स्थिति सामान्य

घाटी में सामान्य स्थिति को लेकर विपक्ष के सवालों पर अमित शाह ने कहा कि सभी थाना क्षेत्र से कर्फ्यू हटाया लिया गया, धारा 144 हटा ली गई लेकिन यह इनको (विपक्ष) सामान्य स्थिति नहीं लगती है। शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की स्थिति सामान्य है, लेकिन वह कांग्रेस की स्थिति सामान्य नहीं कर सकते। कांग्रेस के लोग कह रहे थे कि 370 हटाने पर रक्तपात हो जाएगा, लेकिन वहां एक गोली भी नहीं चली।

### घुसपैठ के 84 प्रयास हुए

गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी ने बताया कि अगस्त में जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे संबंधी अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद नियंत्रण रेखा पर सीमा पार से घुसपैठ के 84 प्रयास किये गए और इनमें 59 आतंकवादियों के घुस आने की आशंका है।

## सम्पादकीय

# संशोधन पर सवाल

*नागरिकता संशोधन विधेयक 2019 पर न केवल देश, बल्कि परदेश में भी बहस और नाराजगी का तेज होना स्वाभाविक है। लोकसभा में लंबी बहस के बाद संख्या बल से आसानी से पारित हुए इस विधेयक को जमीनी हकीकत बनने से पहले लंबा सफर तय करना है। राज्यसभा में पारित होने और राष्ट्रपति द्वारा मंजूर किए जाने से पहले ही इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी हो चुकी है। पूर्वोत्तर भारत में इस विधेयक का सबसे ज्यादा और संगठित विरोध हो रहा है। पूर्वोत्तर की मूल जनता नहीं चाहती कि वहां बाहर से आए किसी भी व्यक्ति को नागरिकता दी जाए। जबकि नागरिकता संशोधन विधेयक बाहर से आए मुस्लिमों को ही सिर्फ नागरिकता देने की खिलाफत करता है। पूर्वोत्तर में चिंता यह है कि वहां बाहर से आकर बसे हिंदुओं व अन्य पांच अल्पसंख्यक वर्गों को स्थाई नागरिकता मिल जाएगी। लोकसभा में गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्वोत्तर भारत और उसके सांसदों को अनेक बार आश्वस्त करने का प्रयास किया है, पर ऐसा लगता है कि पूर्वोत्तर भारत तक उनकी बात सही रूप में पहुंची नहीं है। आज केंद्र सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती यह है कि पूर्वोत्तर में अमन-चैन बहाल रहे। मुल्क के इस नाजुक बाजू ने बहुत जख्म खाए हैं। स्थानीय लोगों और बाहरी (शरणार्थियों या घुसपैठियों) के बीच खूनी संघर्ष चले हैं। वहां शांति कई संहारों से गुजरकर पहुंची है, अत~ वहां के लोगों को आश्वस्त रखना सबसे जरूरी है। इस कानूनी संशोधन का परदेश में जो विरोध हो रहा है, उसकी बहुत गहरी व्यंजना है। यह एक बार फिर स्पष्ट हुआ है कि दुनिया भारत को एक सेकुलर और उदार राष्ट्र के रूप में देखती है और आगे भी ऐसे ही देखना चाहती है। यूरोपीय यूनियन ने कहा है कि आशा है, भारत अपने उच्च मानकों को बरकरार रखेगा। अमेरिका के वैश्विक धार्मिक आजादी आयोग की ओर से सबसे पहले और सर्वाधिक तीखी प्रतिक्रिया आई है। उसने इसे भारत की ओर से उठाया गया खतरनाक कदम करार दिया है।*

दिल कहता है कुछ ख्वाब लिख दूँ
अनसुलझे ही सही पर कुछ जज्बात लिख दूँ
पेन और पेपर के मेल से
पोएट्री बेसूमार लिख दूँ
बन साइड लव का एक छोटा सा पार्ट लिख दूँ
मन कहता है अचीवमेंट की दो-चार लाईन लिख दूँ
पर दिल कहता है गिले सिक्बे बेहिशाब लिख दूँ
तुम्हारी मासूमियत के किस्से उधार लिख दूँ
या आशिकों के घायल हुये तीरों के बार लिख दूँ
मेरे मन में क्या चलता है उसका रिप्लाई आज लिख दूँ
या तुम्हारे बदलते हुए नेचर के इफेक्ट आज लिख दूँ



कॉल पर साइलेंट हुए जज्बातों के जबाब आज लिख दूँ
या इस छोटी-सी पोएट्री में तुम्हें कुछ खास लिख दूँ
स्टाइल ठीक है आपका, व्यव्हार तो है तगडा
गुस्से में भी क्यूट लगते हो, फिर स्माइल का कहना ही क्या
तू डोरेमोन है किसी और का, तुझे चाहता कोई और है
तु बेस्टी है किसी और की, तुझे मांगता कोई और है
सायद कुछ ज्यादा नहीं, शब्दों का ज्ञान मुझें
फिर भी कुछ बेस्ट देने की कोशिश करता हूँ।।

**शिवम गुप्ता**
**भौंती तहसील पिछोर जिला**
**शिवपुरी मप्र**

# अलग-अलग मोर्चे पर लड़ने को कितने तैयार हम

**अजय साहनी**

ऐसा हम मान रहे होंगे कि परमाणु हथियारों के कवच से भारत पारंपरिक जंग से सुरक्षित हो गया है। अब हमें सिर्फ आतंकवाद और छद्म युद्ध से लड़ना होगा, जिसके लिए हमें अपने जखीरे को और संपन्न बनाना है। कुछ विमान, युद्धपोत, पनडुब्बियां, टैंक, तोप, मिसाइलें व अन्य सैन्य साजो-सामान न सिर्फ हमारी सुरक्षा पुख्ता करेंगे, बल्कि वैश्विक ताकत के रूप में भी हमें स्थापित करेंगे। हां, इसके लिए हमें अच्छी विकास दर की दरकार होगी।

कुछ ऐसी ही कल्पनाएं आज के बयानवीरों की खुराक हैं। मगर सच यह है कि आज दुनिया जितनी तेजी से बदल रही है, हमारे नीति-नियंता उस गति से दौड़ लगाते हुए नहीं दिख रहे। अब युद्ध के तरीके बदल रहे हैं, जिसके कारण घरेलू और बाहरी, पेशेवर सैनिक और गैर-पेशेवर 'योद्धाओं' के बीच का अंतर मिट रहा है। युद्ध के मैदान अब असैन्य क्षेत्रों को लीलने लगे हैं। चीनी रणनीतिकारों के शब्दों में कहें, तो हम ऐसे युग में पहुंच चुके हैं, जिसमें 'अनियंत्रित युद्ध' लड़े जा रहे हैं और जो 'सभी सीमाओं और हदों को पार कर चुके हैं'। बेशक, राष्ट्र के कमजोर होने पर पारंपरिक जंग की आशंका बनी रहेगी, लेकिन युद्ध का नया तरीका 'अलग तरह की ज्ञान-संबंधी और सांस्कृतिक हिंसा' है, जो पारंपरिक जंग से कम विनाशकारी नहीं। इसके हथियार पूरी मानव-गतिविधियों को अपनी गिरफ्त में ले लेते हैं और लक्षित पूरे तंत्र को नुकसान पहुंचाते हैं। ये हथियार हैं- परभक्षी अर्थव्यवस्था और व्यापार, आपराधिक व आतंकी गतिविधियां, साइबर युद्ध, मीडिया दुष्प्रचार, तकनीकी व पर्यावरणीय संघर्ष, और राजनीतिक व सामाजिक ताने-बाने को नियमित रूप से नुकसान पहुंचाना। सोवियत संघ का विघटन अमेरिका द्वारा चलाए गए ऐसे ही एक 'लंबे



युद्ध' का परिणाम था, जिसमें वाशिंगटन ने मनोवैज्ञानिक, राजनीतिक, सूचनात्मक, सामाजिक और आर्थिक हमलों पर भरोसा किया था। भारत पहले से ही ऐसी 'अपारंपरिक जंग' के निशाने पर है। आतंकवाद और छद्म युद्ध बेशक पाकिस्तान के खिलाफ हमारे राष्ट्रीय उन्माद बढ़ाते हैं, मगर हमें बड़ा खतरा चीन से है। आतंकवाद के खिलाफ युद्ध का समर्थन देने की घोषणा करने के बावजूद बीजिंग भारत के खिलाफ पाकिस्तान को समर्थन देता रहता है। पूर्वोत्तर भारत के विद्रोहियों को उससे मिलने वाला साथ भी हमें याद रखना चाहिए। हालांकि ये सभी ऐसे खतरे हैं, जो जगजाहिर हैं। जबकि अपारंपरिक युद्ध के हथियार लक्षित समाज द्वारा सराहे जाते हैं, फिर चाहे वे राज्य के मूल सिद्धांतों को ही क्यों न खत्म कर दें। चीन के सस्ते सामान से पटे भारतीय बाजार और भारत की जवाबी रणनीति से बच निकलने वाली चीन की व्यापार नीति पर जरा गौर कीजिए। आलम यह है कि भारतीय निर्माता अपनी कंपनियां बंद कर रहे हैं या फिर चीन से आयातित उत्पादों को ही बेच रहे हैं।

## अंतिम-शब्द



कहते मुझको हो देवी तो, पूज्यनीय हर रस्म करो।
होम जलाओ करो आरती, मुझे मारकर भस्म करो।
इतना तड़पाओ मुझको, रूह से चीत्कार निकल जाए।
कतरा-कतरा चिल्लाये, और शोणित धार निकल जाए।
कत्ल करो मेरे आँचल का, तुम मेरे अंतर्मन को मारो।
न अटका रह जाये सम्मान, तुम मेरे कण-कण को मारो।
बाहुबल का सही और, सच्चा संकल्प तुम्हारा है।
इतना ही तो जीना था, हाँ जीवन अल्प हमारा है।
मैं शारीरिक उन्माद हुई, मैं विषय-वस्तु और भोग हूँ।
जुदा करो इस विश्व पटल से, पुरुष जाति का रोग हूँ।
अब तो यह सब आम रहा, नित नई का इंतेजाम रहा।
दुनिया है ये नर्क बड़ी, लूँ विदा न तन का काम रहा।
कुछ दिन का शोक सभी को होगा, कुछ दिन मातम छाएगा।
बस कुछ दिन का सब्र करो, अब शुभ साम्राज्य समाएगा।
ना कोई बजरंग आएगा, ना कभी ये लंका ढायेगी।
कभी निर्भया, कभी आसफा, फिर नई प्रियंका आएगी।

**नीतेश राही**
**सागर मप्र**

# पुस्तक समीक्षा

देश के ख्यातिनाम व्यंग्यकार विनोद कुमार विक्की अपनी पैनी लेखनी के लिए जाने जाते हैं। प्रस्तुत व्यंग्य कृति मूर्खमेव जयते युगे युगे के सारे लेख सामाजिक





विसंगतियों व जीवन की विभिन्न समस्याओं से जुड़े हैं। राजनीति शिक्षा साहित्य जगत में सामयिक हलचल की पोल खोलते हैं। इस कृति का पहला व्यंग्य तेरी मेरी भौं भौं से लेकर अंतिम व्यंग्य स्वेदशी दीपावली तक पढ़ने से मेरे मस्तिष्क में सहसा आया कि आज का इंसान इतनी भागदौड़ करता है फिर भी उसके जीवन मे शांति नहीं है। आदमी क्या क्या जुगाड़ नहीं करता है। तेरी भौं भौं मेरी म्याऊं में नेताओ के झूंठे वादे के बारे में बताया की नेता सिर्फ वादे कर कुर्सी हथिया लेते हैं। जनता उनके जाल में फंस जाती है। भारत में गरीबी का आकलन न्यूज़ चैनल बखूबी करते हैं शानदार लिखा। कटघरे में मर्याफ़स पुरुषोत्तम में कलयुग की कोर्ट का दृश्य का वर्णन सजीव किया है। धार्मिक मान्यताएं नहीं है तो फिर लाल कपड़े में लिपटे धार्मिक ग्रंथ पर शपथ क्यों दिलाई जाती है। इस कविता की आवरण कथा मूर्खमेव जयते युगे युगे में बताया कि मूर्खता हमारे रोम रोम में बसी है लेकिन फिर भी हम परिचय बुद्धिमानी का देते हैं। आज का आदमी चेतनाशून्य भी नहीं है वह विकास व उत्थान के लिए संघर्षरत रहता है।बन्द चक्काजाम करना हड़ताल आगजनी जैसे सरल प्रयोग आदमी करते ही रहते हैं। आजकल डिजिटल आंदोलन भी होने लगे हैं फेसबुक ट्विटर इंस्टाग्रान व्हाट्सएप्प आदि से करने लगे हैं। इस व्यंग्य आलेख के माध्यम से विक्की ने समाज की समस्याओं का हल ढूढने के स्थान पर समस्याएं उतपन्न करने की बात




रखने का प्रयास किया है। आश्वासन और शपथ ग्रहण में समाजसेवा देश उद्धार की बातों का सच उजागर किया है। आज नेता जनता को झूंठे आश्वासन देकर साम दाम दंड भेद के हथियार अपना कर सत्ता किस प्रकार हथियाते हैं बताया है। आज के नेताओ को जनाधार की नहीं पार्टी पर विश्वास व अपनी जाति वालों पर विश्वास के बल पर बड़े से बड़ा चुनाव जीत लेते हैं। इनका एक ही नारा होता है पार्टी की लहर व जाति की मेहर। वो गीत याद आता है कसमें वादे प्यार वफ़ा बातें हैं बातों का क्या। चुनावी हास्य फल में बारह राशियों का हास्यफल मुझे बहुत पसंद आया। इसमे कलियुगी नेताओं के गुणों का बखान किया है। उनकी विशेष योग्यताएं बताई है। फेसबुक की उपयोगिता में व्यंग्यकार ने फेसबूक के उपयोग गिनाए जिनमें प्रमुख हैं समानता खुशफहमी ईगो डेवलेपर फेसबुक एज डॉक्टर समाजसेवी प्रमाण पत्र ओकात प्रदर्शनी ज्ञान प्रखर केंद्र परिपक्व पाठशाला खुन्नस निकालने का माध्यम फेसबुक है। सोशल मीडिया शिक्षा केन्द्र व्यक्ति के लिए फेसबुक, ट्विटर इंस्टाग्राम कीआज इतनी जरूरत बन गया है जैसे जीवित रहने के लिए रक्त,ऑक्सीजन व जल जरूरी है। लोग मोबाइल में व्यस्त है क्या यही जिन्दगी है। आप पांचवी पास हो या पी एच डी की हो यू ट्यूब के गुरुकुल में सभी छात्र समान है। सीजनल साहित्यकार में बताया कि ऐसे साहित्यकार कवि आल इन वन होते हैं। ये कॉम्बो पैक की तरह होते हैं। इन्हें मल्टीटेलेंटेड साहित्य सेवी ,सर्व रस कवि, व्यंग्यकार आलोचक सभी इनमे होता है। जरूरत पड़ने पर यह सीजन के मुताबिक साहित्य सृजन करते हैं।

**कृति- मूर्खमेव जयते युगे युगे**
**लेखक- विनोद कुमार विक्की**
**प्रकाशक- दिल्ली पुस्तक सदन शाहदरा, नई दिल्ली**
**पृष्ठ–119**
**संस्करण- प्रथम 2020**
**समीक्षक-राजेश कुमार शर्मा, पुरोहित**

# जर्मन पिता-बंगाली मां की बेटी हैं दीया मिर्जा

## जानें- फिर क्यों है मुस्लिम सरनेम

दीया मिर्जा का नाम आते ही बारिश में खड़ी 'रहना है तेरे दिल में' वाली लड़की की इमेज सामने आ जाती है। बॉलिवुड की खूबसूरत ऐक्ट्रेस दीया का आज (9 दिसंबर) को जन्मदिन है। दीया मिर्जा जर्मन पिता और बंगाली मां की बेटी हैं और उनको बड़ा किया मुस्लिम स्टेप फादर ने। उन्होंने एक हिंदू से शादी की थी जिनका नाम है साहिल संघा और शादी के 11 साल बाद दोनों अलग हो चुके हैं।

### आसान नहीं था बचपन

दीया का बचपन आसान नहीं रहा। वह चार साल की थीं जब उनके माता-पिता का तलाक हो गया। उनके मां-बाप ने अलग-अलग लोगों से शादी कर ली थी। 9 साल की उम्र में उनके पहले पिता की मौत हो गई थी। दीया बताती हैं कि का उनके दूसरे पिता से काफी अटैचमेंट था क्योंकि उन्होंने कभी पहले पिता की जगह लेने की कोशिश नही की। दीया मिर्जा ने सरनेम उनके स्टेपफादर से ही लिया है।

### छोटी उम्र से ही अचीवर

कठिनाइयां होने के बाद छोटी उम्र से ही वह अचीवर रही हैं और महज 18 साल की थी जब मिस एशिया पैसिफिक बन गई थी। दीया बताती हैं कि उन्होंने इस बारे में कभी सोचा भी नहीं था। उनकी एक फैमिली फ्रेंड ने फोन करके मिस इंडिया के ऑडिशंस के बारे में बताया था, इसके बाद वह गई थी।

### 16 साल की उम्र से ही कर रही हैं काम

दीया बताती हैं कि उन्हें सिलेक्शन के बाद कॉल आया और उन्हें रहने, खाने और ट्रैवल के पैसे देने थे। जो उन्होंने अपनी कमाई से दिए थे। बता दें कि दीया 16 साल की उम्र से ही एक मल्टीमीडिया कंपनी में काम कर रही थी क्योंकि उनको उन्हें एक जोड़ी शूज पसंद आ गए थे। उनकी मां ने ये शूज दिलाने से मना कर दिया था। गुस्से में दीया ने पढ़ाई के साथ नौकरी कर ली और अपनी मां को चैलेंज किया कि वह 18 की होकर कार खरीद लेंगी और 21 का होकर घर।

### लड़के से पीछा छुड़ाने के लिए छोड़ा था शहर

मिस इंडिया के लिए दीया को मुंबई जाना था और उनकी मां तैयार नहीं थी। इसके लिए उनके पिता ने उनकी मां को समझाया था। दरअसल दीया के पीछे उस वक्त एक लड़का पड़ा था। वह उनके पीछे पागल था। उनका अफेयर नहीं था पर दीया को लगता था कि वह उससे शादी करेंगी। लड़का उम्र में काफी बड़ा था। उनके पिता ने मां को समझाया कि इस सिचुशन से निकालने का सही तरीका है कि उन्हें बाहर भेज दिया जाए।



### दीया मिर्जा ने पूरा किया चैलेंज

इत्तेफाक की बात है कि दीया मिर्जा ने 21 साल की उम्र में घर खरीद लिया था और इसके बाहर नेमप्लेट लगवाई जिसमें मिर्जा लिखा था।

# मुझे मेहनत और नसीब में विश्वास, ज्योतिष में नहीं

कियारा आडवाणी

बॉलिवुड अभिनेत्री कियारा आडवानी का असली नाम आलिया अडवानी है, लेकिन जब कियारा को बॉलिवुड में एंट्री करनी थी तो आलिया भट्ट बहुत बड़ी स्टार बन चुकी थीं, ऐसे में एक और हिरोइन का नाम आलिया होता तो लोग कन्फ्यूज हो जाते। बस यही सोचकर कियारा ने अपना नाम खुद ही बदल लिया। वैसे कियारा के नाम बदलने की कहानी बेहद दिलचस्प है। आलिया उर्फ कियारा ने अपने नाम बदलने का पूरा किस्सा बताया, 'मैं हार्ड वर्क, डेस्टिनी और भगवान में विश्वास करती हूं, लेकिन ज्योतिष से जुड़ी किसी बात पर मेरा विश्वास नहीं है। कभी भी मैंने ज्योतिष का प्रयोग नहीं किया है। मैंने जब अपना नाम आलिया अडवानी से कियारा आडवानी किया तब भी किसी तरह के अंक ज्योतिष का प्रयोग नही किया था।

कियारा कहती हैं, 'कई लोगों ने मेरी मां से पूछा कि क्या आप लोगों ने ज्योतिष के हिसाब से नाम बदला तो मां ने कहा कि उन्हें भी यह सब पता नहीं। मैं और मेरा परिवार सिर्फ भगवान से प्रार्थना करते हैं कि वे अपनी कृपा बनाए रखें। पहली बार मैंने कियारा नाम प्रियंका चोपड़ा की फिल्म अंजाना-अनजानी में सुना था और यह नाम मुझे इतना पसंद आया कि मैंने सोच लिया था कि जब मेरी बेटी होगी, तो उसका नाम कियारा रखूंगी। फिर वक्त आया, जब मैं खुद लॉन्च होने जा रही थी, लेकिन आलिया भट्ट पहले से थीं, बहुत बड़ी सुपरस्टार थीं, मुझे लगा अगर इंडस्ट्री में एक जैसे 2 नाम हो जाएंगे तो लोग कन्फ्यूज हो जायेंगे। फिर लोगों को समझाने-बताने के लिए पूरा नाम लेना पड़ता है। मैं चाहती थी कि जब लोग नाम लें कियारा तो उन्हें मेरा सरनेम लगाने की जरूरत न पड़े, वह समझ जाएं कियारा एक ही है। अब मुझे ही मेरा नाम बदलना था तो मैंने सोचा बच्चा न जानें कब आएगा, अभी इस नाम की जरूरत मुझे है और मैंने अपना नामकरण कियारा आडवानी कर लिया।'

कियारा इन दिनों अपनी रिलीज के लिए तैयार फिल्म 'गुड न्यूज' के प्रमोशन में जुटी हैं। कियारा के अलावा फिल्म में अक्षय कुमार, करीना कपूर खान और दिलजीत दोसांझ अहम भूमिका में हैं। फिल्म को करण जौहर (धर्मा प्रॉडक्शन) ने प्रड्यूस किया है। फिल्म का निर्देशन राज मेहता ने किया है। यह फिल्म 27 दिसंबर को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म दो ऐसे कपल की कहानी है, जो आईवीएफ तकनीक से पैरंट्स बनने की तैयारी कर रहे हैं और बाद में उन्हें पता चलता है कि उनके स्पर्म्स एक्सचेंज हो गए हैं। फिल्म कॉमिडी और मस्ती से भरपूर है।



# सरकारी स्कूलों के लिए मिसाल बना टोड़ा करैरा का प्राइमरी स्कूल

## पूर्व छात्र शिवम् यादव ने प्रत्येक दीवार पर बनाई आकर्षक व प्रेरणादायक पेंटिंग






ब्यूरो रिपोर्ट

**शिवपुरी।** करैरा के टोड़ाकरैरा गांव में एक सरकारी स्कूल की तस्वीर ऐसी भी हैं कि जिसे देखकर नौनिहालों में बहुत ही खुशी देखी जा रही है। खास बात यह है कि बच्चे अपने अभिभावकों से जिद पर अड़े हैं कि अब वे शहर के प्राईवेट स्कूल में न जाकर गांव के ही शासकीय विद्यालय में पढ़ेंगे। क्योंकि गांव के स्कूल की हर दीवार,हर कोने पर शिवम् भैया ने दीवार को सुंदर सजाया है, और यहां के सर बहुत अच्छा पढ़ाते भी है।खबर यह भी है कि इसी विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले शिवम् यादव विद्यालय में विगत 13 वर्ष से बच्चों के बीच बैठ कर ड्रांइग, एवं दीवारों पर पेंटिंग का कार्य कर रहे हैं। शिवम् फिलहाल ग्वालियर में रहकर पढ़ाई करते हैं। ग्वालियर के प्राईवेट स्कूलों की सुंदरता देखकर शिवम् ने अपने मन में भी अपने पैतृक गांव के विद्यालय को पेंटिंग से सजाने का संकल्प लिया। कुछ समय तक शिवम् अपने इसी विद्यालय में पेंटिंग का कार्य करते रहे। और वह भारतीय कलाकार संघ नामक संगठन के संपर्क में आये, शिवम् यादव की कार्य शैली देखते हुए संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें पूरे मध्यप्रदेश के सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में अपनी पदाधिकारियों की टीम में शामिल कर लिया। जब भारतीय कलाकार संघ के अध्यक्ष को ये जानकारी मिली कि शिवम् अपने विद्यालय में निशुल्क पेंटिंग बनाने का पुनीत कार्य कर रहे हैं तो वे अपनी एक कुशल कलाकारों की टीम लेकर करैरा के टोड़ा गांव स्थित प्राईमरी स्कूल में आकर पेंटिंग और चित्रकारी कर के शानदार रूप से सजाया। शिवम् यादव के विशेष अनुरोध पर दतिया से अंकुर पेंटर, टीकमगढ़ जिले के पलेरा से सिंह आर्ट (देवेंद्र सिंह ठाकुर), कल्लू ठेकेदार, आर्टिस्ट बेताल केन ग्वालियर, ने मिलकर अपनी कलाकारी का प्रर्दशन किया है।

आसपास के युवाओं को सेल्फी प्वाइंट बना विद्यालय इस विद्यालय के फोटो सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहे हैं ।तमाम न्यूज़ चैनल भी कवरेज के लिए पहुंच रहे हैं। युवा दूर दूर से सेल्फी लेने टोड़ा करैरा स्थित विद्यालय में पहुंच रहे हैं। उनका कहना है कि यदि ये विद्यालय इतना सुंदर बन सकता है तो प्रत्येक गांव में ऐसा क्यो नही हो सकता। यदि छात्रों की नींव मजबूत होगी तभी वे आगे बढ़ सकते हैं। शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने से हमारा करैरा नंबर 1 होगा। अंतराष्ट्रीय स्तर के कवि देश के ख्यातिनाम कवि साहित्यकार राजेश कुमार शर्मा पुरोहित ने कहा कि शिवम यादव कलाकार संघ के मीडिया प्रभारी है। शिवम जी ने जिस विद्यालय में पढ़ाई की थी उसे विभिन्न रँगों से सजाकर अपनी पेंटिंग के जरिये विद्यार्थी के लिए विषय वस्तु से सम्बंधित चित्र उकेरे हैं। शिवम यादव जी सरकारी स्कूलों को सजाने का कार्य कर रहे है जो अनूठी पहल है। निजी स्कूलों में अभिभावकों से मनमानी फीस वसूली जाती है। शिवम जी की इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र के सभी बच्चे अब सरकारी स्कूल जाने लगे हैं। मैं इनकी सोच को प्रणाम करता हूँ। शिवम जी चित्रकार लेखक व अच्छे साहित्यकार है। युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत है।

# चंबल के युवाओं में क्षमताएं हैं भरपूर, लेकिन दिशा-निर्देश का अभावः शर्मा

### लेफ्टिनेंट देवेश शर्मा का हुआ नागरिक अभिनंदन

अम्बाह। ब्राइट कैरियर एकेडमी में आज लेफ्टिनेंट देवेश शर्मा का सादगी पूर्ण अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया इस अवसर पर हाल ही में गांव गरीब के पुरा के चयनित लेफ्टिनेंट देवेश शर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि चंबल अंचल के युवाओं में जोश जज्बे और क्षमताओं की कमी नहीं है। मानसिक और शारीरिक दृष्टि से हमारे यहां के युवा बहुत बेहतर हैं लेकिन सही समय पर सही मार्गदर्शन के अभाव के कारण वह सेना में ऑफिसर रैंक तक पहुंचने में झिझक जाते हैं। यही कारण सेना और पुलिस में यहां के युवाओं की संख्या सिपाही और सैनिक की सर्वाधिक है लेकिन ऑफिसर रैंक तक पहुंचने वाले गिने चुने ही साथी हैं जबकि अगर उन्हें सही मार्गदर्शन मिल जाए तो यह संख्या कई गुना अधिक बढ़ सकती है।

कार्यक्रम के शुभारंभ में डॉक्टर सुधीर आचार्य ने लेफ्टिनेंट देवेश शर्मा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अम्बाह तहसील के छोटे से गांव गरीब का पुरा में राजेंद्र प्रसादद्व श्रीमती भूरी देवी शर्मा के यहां जन्में देवश शर्मा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा शासकीय स्कूलों में ही प्राप्त की इसके बाद हाई स्कूल इंटर प्राइवेट स्कूल से किया और बिना किसी कोचिंग ट्यूशन के भी ऑफिसर रैंक के लिए तैयारी की। अंततः गत वर्ष 2018 में कड़ी मेहनत लगन परिश्रम के चलते उन्हें सफलता मिली और वह देशभर से चुने गए 96 लेफ्टिनेंट आफिसर मैं चुने गए हैं। इस अवसर पर देवेश के बड़े भाई जो रेलवे पुलिस में है योगेंद्र शर्मा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उनकी सफलता की कहानी उनकी जुबानी भी सुनी और तैयारी के टिप्स भी जाने। इस अवसर पर एकेडमी स्टूडेंट यूनियन के अध्यक्ष धनेश शर्मा उपाध्यक्ष मुस्कान तोमर ने भी उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉक्टर प्रगति शर्मा, बालकृष्ण शर्मा, रविकांत शर्मा लोकेन्द्र गुर्जर हेमेंद्र जैन पिंकी तोमर संगीता तोमर सोनम तोमर आरती जैन, राहुल गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# नुक्कड़ नाटक आयोजित कर दिया स्वच्छता का संदेश



अर्पित गुप्ता

**दबोह।** स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत नगर परिषद दबोह द्वारा नगर में चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत बुधवार को नगर परिषद कार्यालय एवं नगर के विधालयो में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता के संदेश दिए गए। स्वच्छता जागरूकता के इस अभियान के अन्तर्गत नुक्कड़ नाटक में अपने घरों तथा आसपास गली मोहल्ले में साफ सफाई रखने,पॉलीथिन का उपयोग न करने,खुले में शोंच न करने के विषय में जागरूक करते हुए स्वच्छता के माध्यम से बीमारियों से बचने के बारे में बताया गया तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक करने तथा गंदगी करने वालो को रोकने के प्रति भी निर्देशित किया गया।वहीं नुक्कड़ नाटक के अंत मे उपस्तिथ सभी लोगो को नगर को स्वच्छ बनाने व पॉलीथिन मुक्त बनाने की शपथ भी दिलाई गई।इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी एन आर खेंगर,उपाध्यक्ष रफीक खान, पार्षदगण, नगर परिषद स्टाफ व आमजनता मौजूद रही।।साथ ही यहां बता दें कि नगर परिषद द्वारा स्वच्छता अभियान को जोर देने के लिए नगर के हर वार्ड,गली मोहल्ले,स्कूल व घर घर जाकर नुक्कड़ नाटक कर स्वच्छता के प्रति लोगो को जागरूक किया जाएगा।

### पॉलीथिन मुक्त बनाने की भी दिलाई शपथ

# विवाहिता की संदिग्ध मौत, मर्ग कायम

**भिण्ड,ब्यूरो।** अमायन कस्बा क्षेत्र में एक नव विवाहिता की मौत के बाद उसके मायके पक्ष को सूचना दिए बगैर अंतिम संस्कार कर दिए जाने के मामले में पुलिस ने मर्ग दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार संगीता पत्नी सोहन राजपूत उम्र करीब 25 साल निवासी ग्राम अमायन की मंगलवार की अल सुबह करीब तीन बजे मौत हो गई। इसके बाद ससुरालीजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। इस बात की सूचना जब मायके पक्ष को लगी तो उन लोगों ने मृत्यु को संदिग्ध बताते हुए अपनी आपत्ति दर्ज कराई। यहां ससुराल पक्ष का कहना है कि उसकी मृत्यु बीमारी के कारण हुई। उधर मायके पक्ष द्वारा मृत्यु को संदिग्ध बताया जा रहा है। उनका कहना है कि मायके पक्ष को सूचित क्यों नहीं किया गया। थाना पुलिस ने मायके पक्ष के सतेन्द्र चौहान पुत्र वीरेन्द्र चौहान निवासी ग्राम रूरई थाना आलमपुर की शिकायत पर मर्ग दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।



# फूटी नहर को दुरुस्त करवाने किसानों तहसीलदार को दिया ज्ञापन

रिपोर्टर धीरज ओझा

**बैराड़-** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बैराड़ तालाब से अंतर्गत सिंचाई के निकली हुई नहर कच्ची मिट्टी की होने से जगह जगह से फूट गई हैं जिसे दुरुस्त कराने के लिए ग्रामीणों ने बैराड़ तहसीलदार रामनिवास धाकड़ को ज्ञापन सौंपा जिसमे ग्रामीणों ने बताया कि नहर कच्ची एवं मिट्टी की होने से पानी के तेज वहाव से जगह जगह से फूट जाती हैं और किसानों की फसल पर इसका प्रभाव पड़ रहा है इस नहर से लगभग 250 बीघा जमीन सिंचित होती है और जमीन को पानी न मिलने से कुछ खेतों में बोवनी भी बांकी हैं जिसके चलते किसानों आज एकत्रित होकर बैराड़ तहसील में ज्ञापन दिया ज्ञापन में शामिल अमरसिंह यादव, भूपसिंह, रामहेत, नाथूराम, मुकेश ओझा, गोकुल ओझा, भूरा यादव सहित कई ग्राम वासी मौजूद रहे।

# सहकारिता कर्मचारियों की लंबित मांगों के लिए किया जाएगा संघर्षः चौहान

**अम्बाह।** मध्य प्रदेश सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ भोपाल के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष ब्रजवीर सिंह चौहान का गत मंगलवार को देर शाम अम्बाह आगमन हुआ इस अवसर पर उनका भव्य स्वागत किया गया देर रात पीपल चौराहे पर सहकारिता कर्मचारियों की बैठक और आम सभा का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में सहकारिता कर्मचारियों को संबोधित हुए प्रदेश अध्यक्ष ब्रजवीर सिंह चौहान ने कहा कि स्वर्णिम मध्यप्रदेश बनाने में सहकारी संस्थाये महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। श्री चौहान ने कहा कि सहकारिता व माध्यम है जिसके जरिये हमारे 55000 सहकारिता कर्मचारी समाज के वंचित और गरीब वर्ग का सर्वांगीण विकास करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। श्री चौहान ने कहा कि आज के वैश्विक दौर में सहकारिता को एक नया स्वरूप प्रदान करने की आवश्यकता है। जिसके लिए सरकार को कार्य करना चाहिये उन्होंने कहा कि प्रदेश के गांव-गांव में सहकारिता की सशक्त पहुंच हैं, जरूरत है कि सरकार सहकारिता कर्मचारियों की मांग पूरी करके उनके योगदान को सम्मान दें उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि समस्त सहकारिता कर्मचारी मिलकर गरीबों किसानों और समाज के सबसे अंतिम वर्ग को सहकारिता से जोड़कर उनके आर्थिक विकास के साथ साथ प्रदेश को समृद्ध बनाने में योगदान दें। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में सहकारिता कर्मचारी सहकारिता क्षेत्र में सुविधा नहीं सेवा की भावना से कार्य कर रहे है उसी दृष्टि से सरकार को भी सहकारिता कर्मचारियों को सरकारी कर्मचारियों के अनुरूप वेतनमान और सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए और उनकी लंबित मांगों को पूर्ण करना चाहिए। श्री चौहान ने कहा कि सहकारिता कर्मचारियों की लंबित मांगों को पूरी कराने के लिए लड़ाई तेज की जाएगी जिससे सहकारिता कर्मचारियों को उनके काम का सम्मान मिल सके। श्री चौहान का मुरैना रेलवे स्टेशन पर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस से पधारें और वहाँ मौजूद कर्मचारियों से भेंट की इसके उपरांत सहकारिता प्रकोष्ठ की मुड़ियाखेड़ा, गंज रामपुर, खेरा, बड़ागांव, दिमनी, रतीराम का पूरा, ग्यासी का पूरा , पाय का पुरा, बरेह, बड़फरा की बैठक में शामिल होते हुए वह मुरैना रोड अम्बाह पर चित्रकूट वाटिका के कार्यक्रम में शामिल हुए व नगरपालिका चौराहे पर सहकारिता प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह एवं बैठक मे भाग लिया। इस अवसर पर संगठन के ओपी गोस्वामी प्रदेश संयोजक, जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह तोमर, लोकेंद्र सिंह गुर्जर, ग्वालियर अध्यक्ष बबलू सिंह तोमर, रविंद्र सिंह तोमर, मुन्ना लाल शर्मा, उमेश सिंह तोमर सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# विजय दिवस पर शासकीय भवनों पर रोशनी की जायेगी

मुरैना। आगामी 16 दिसंबर को विजय दिवस के अवसर पर सभी प्रमुख शासकीय भवनों में प्रकाश की व्यवस्था किये जाने के निर्देश शासन द्वारा दिये गये हैं।



प्रदीप राजावत ब्यूरो

भिंड पुलिस अधीक्षक रूडोल्फ अल्वारेस व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कंचन के निर्देशन मे चलाये जा रहे फरार आरोपियो धर पकड़ अभियान के तहत एस डी ओ पी अटेर महोदय के मार्गदर्शन मे दिनांक 11 दिसम्बर को थाना प्रभारी अनीता गुर्जर ने मय बल के मुखविर की सूचना पर पाँच हजार का इनामी आरोपी ढोलू भदौरिया पुत्र रामदत्त भदौरिया निवासी अंगद पुरा अटेर को घाटबाबा के मंदिर के पास रमटा से गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया । पावई थाना प्रभारी अनीता गुर्जर से मिली जानकारी के अनुसार विगत 28 जून 2019 की दरम्यानि रात्रि को ग्राम रिदौली में गोलीबारी हुई थी, जिसमें आरोपी ढोलू उर्फ विशाल भदौरिया पुत्र रामचरन नि अंगदपुरा के खिलाफ अपराध क्र 62/19 धारा 307, 506 ,34 आईपीसी के तहत अपराध पंजीवध्द कर विवेचना मे है । काफी समय से फरार आरोपी पुलिस को चकमा दे रहा था, पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतू पाँच हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया था । आरोपी को पकडने मे सराहनीय भूमिका थाना प्रभारी श्रीमती अनिता गुर्जर , सउनि एल एन यादव आर पुष्पेन्द, आर धर्मेन्द की रही ।

# राजस्व प्रकरणों का निराकरण आरसीएमएस सॉटवेयर पर करना सुनिश्चित करेंः कलेक्टर

## तहसीलदारों के रीडरों को वेतनवृद्धि रोकने का नोटिस एवं मुरैना तहसीलदार के रीडर को चैतावनी पत्र जारी

**मुरैना।** कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने जिले के राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये है कि अब राजस्व प्रकरणों को निराकरण फाइल पर नहीं, बल्कि आरसीएमएस ( मध्यप्रदेश रेवन्यू मैनेजमेन्ट सिस्टम ) पर चाहिये। इस कार्य में लापरवाही मिली तो संबंधित राजस्व अधिकारी एवं उसके अधीनस्थ कर्मचारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही होगी। इस अवसर पर बागचीनी, सुमावली, बड़गांव, मुंगवाली और मुरैना शहर सर्किल में 20 माह तक के प्रकरणों का निराकरण न होने पर संबंधित रीडर के खिलाफ वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिये है। बैठक में अपर कलेक्टर एसके मिश्रा, एसडीएम सुश्री अंकिता धाकरे, एसडीएम मुरैना, जौरा, अम्बाह, समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, एवं समस्त तहसीलदारों के रीडर उपस्थित थे।

कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने राजस्व अधिकारियों की बैठक के दौरान समीक्षा में पाया कि बघेल सर्किल में 10 प्रकरण ऐसे पाये गये, जिनमें 19 माह तक प्रकरणों का निराकरण नहीं किया गया है। इसको कलेक्टर ने गंभीरता से लिया, उन्होंने तहसीलदार के रीडर दिनेश की दो वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त एसडीएमओ को निर्देश दिये कि समस्त तहसीलदारों के कोट डे



फिक्स करें और समय पर प्रकरणों का निराकरण करें। सभी प्रकरण 20 दिसम्बर तक निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि तहसीलदार बाबूओं के भरोसे तारीखे न बढ़ाये, स्वयं विवेक से तारीख लगायें। समीक्षा बैठक में सुमावली सर्किल के समीक्षा बैठक में 20 प्रकरण ऐसे पाये गये जो 15 एवं 14 माह से निराकरण नहीं किये गये है। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार के रीडर कप्तान शर्मा की दो वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिये। इसी प्रकार बड़ागांव सर्किल के अन्तर्गत तहसीलदार के रीडर नरेन्द्र अवस्थी द्वारा 14 माह तक आवेदन अलमारी में रखे रहा, किन्तु आरसीएमएस में अपलोड कर निराकरण नहीं करने पर उसकी एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिये है। बैठक में मुंगावली सर्किल में 9 प्रकरण ऐसे पाये गये जो 20 एवं 19 माह तक निराकरण नहीं होने पर रीडर आशुतोष मिश्रा की एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। इसके साथ ही मुरैना शहर के तहसीलदार के रीडर श्री पवन शर्मा द्वारा राजस्व प्रकरणों में निराकरण नहीं करने पर उन्हें कलेक्टर ने चैतावनी देते हुये कड़े निर्देश दिये है कि प्रकरणों का निराकरण आज शाम तक नहीं करने पर दण्डात्मक कार्यवाही पवन शर्मा के खिलाफ की जावेगी। बैठक में फसलगिरदावरी के संबंध में कलेक्टर ने समस्त तहसीलदारों को निर्देश दिये है कि पटवारियों को कडे निर्देश दें, फसलगिरदावरी में वस्तुस्थिति देखकर ही फसलइन्द्रराज करें। गेहूं का सरसों में एवं सरसों का गेहूं में फसलगिरदावरी अंकित पाई गई तो ऐसे पटवारियों के खिलाफ निलंबन से कम कार्यवाही नहीं होगी।

# अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस कार्यक्रम संपन्न

**मुरैना।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष पीसी गुप्ता के मार्गदर्शन में गत मंगलवार को एडीआर सेन्टर मुरैना में अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व्हीके गुप्ता द्वारा कार्यक्रम में उपस्थितजनों को मानवाधिकारों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी।

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे


### ग्वालियर व्यापार मेला में सैलानियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर

## स्मार्ट सिटी सीईओ महीप तेजस्वी के साथ मेला पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न

**ग्वालियर।** श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला में सैलानियों को अधिक से अधिक सुविधायें उपलब्ध कराने को लेकर मेला पदाधिकारियों द्वारा स्मार्ट सिटी सीईओ-श्री महीप तेजस्वी के साथ आज एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मेला अध्यक्ष-श्री प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, सचिव-श्री मजहर हाशमी, सदस्य-सर्वश्री सुधीर मण्डेलिया, शील खत्री, मेहबूब चैनवाले व स्मार्ट सिटी के अधिकारी उपस्थित थे। मीटिंग के प्रारंभ में मेला अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल ने कहा कि ग्वालियर अब स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में शामिल है और ग्वालियर को स्मार्ट सिटी बनाने में ग्वालियर स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कार्पोरेशन द्वारा कई अभिनव कार्य किये जा रहे हैं। हम चाहते हैं कि ग्वालियर स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कार्पोरेशन मेले की व्यवस्थाओं को भी स्मार्ट बनाने में सहयोग करे ताकि मेले की गरिमा बढ सके। उपाध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने स्मार्ट सिटी सीईओ-श्री महीप तेजस्वी से आग्रह किया कि ग्वालियर व्यापार मेला



की वेबसाइट को डायनामिक बनाने तथा मेले में सैलानियों की सुविधा के लिए एक मोबाइल एप तैयार कराया जाये जिससे कि नेवीगेशन की के माध्यम से जनसुविधा केन्द्र प्रदर्शित हो सकें। किसी भी छत्री पर होने वाली गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। सैलानी व दुकानदार एप के माध्यम से मेला संबंधी फीडबैक व अपने सुझाव व शिकायतें भी हमें प्रेषित कर सकें। स्मार्ट सिटी सीईओ महीप तेजस्वी ने बैठक में अपनी टीम को निर्देशित किया कि मैप फोन का प्रारंभ मेला से ही करें। मोबाइल एप डेवलप किया जाए जिससे सीसीटीवी कैमरे व एप के माध्यम से पूरे मेले पर नजर रखी जा सके। इसके लिए एक कमाण्ड सेंटर बनाया जायेगा जहां से मोबाइल एप के माध्यम से पूरे मेले पर नजर रखी जा सकेगी। मोबाइल एप के माध्यम से किसी भी छत्री, पार्किंग व्यवस्था को मोबाइल पर ही देखा जा सकेगा। इस मोबाइल एप को दुकानदार व सैलानी डाउनलोड करें इसके लिए ऑफर दिए जाने की योजना बनाई जाये। झूले की टिकटिग को भी ऑनलाईन किया जा सकता है। मोबाइल एप के माध्यम से दुकानदार व सैलानी अपनी शिकायतें, सुझाव व फीडबैक मेला प्रशासन को दे सकेंगे। मेले को स्मार्ट बनाने के लिए ऑटोमाबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स व झूला सेक्टर के कारोबारियों के साथ शीघ्र बैठक की जायेगी।

## कलेक्टर, एसपी ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

**ग्वालियर।** कलेक्टर अनुराग चौधरी पुलिस अधीक्षक नवनीत भसीन एवं नगर निगम आयुक्त संदीप माकिन ने सिटी सेंटर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए पटेल नगर में रखें एक सांची मिल्क पार्लर पर बीड़ी सिगरेट एवं गुटखा आदि बिकता हुआ पाए जाने पर उक्त सामग्री की संबंधित दुकानदार से ही होली जलवाई तथा दुकानदार पर दस हजार का जुर्माना लगाकर भविष्य में इस प्रकार की सामग्री विक्रय ना करने के निर्देश दिए इसके साथ ही दुकान से बड़ी संख्या में पानी के पाउच भी जप्त किए गए स इसके साथ ही सिटी सेंटर क्षेत्र में तिकोनिया पार्क का भी निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर चौधरी सहित अन्य सभी अधिकारियों ने पूर्व में किए गए निरीक्षण के स्थानों पर भी निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए निंबाजी की खोह में स्थित रामजानकी मंदिर परिसर के मैदान का निरीक्षण कर तेजी से कार्य करने के निर्देश कर्मचारियों को दिए तथा जनक गंज कलारी एवं थाने के पास भी सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसके साथ ही बस स्टैंड पर भी सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा बस स्टैंड पर एक नाश्ते की दुकान पर निरीक्षण के दौरान बाहर गंदगी पाई गई जिसको लेकर दुकानदार के खिलाफ चालान की कार्रवाई करते हुए निर्देश दिए कि यदि भविष्य में भी गंदगी पाई गई तो उसकी दुकान बंद कर दी जाएगी स इसके साथ ही अन्य कई स्थानों पर निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने एवं अन्य आवश्यक निर्देश कलेक्टर श्री चौधरी द्वारा दिए गए।



मैक्स हॉस्पिटल दिल्ली एवं डॉक्टर एसोसिएशन ऑफ ग्वालियर मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में आज स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार दिनांक 10/12/2019 दिन मंगलवार दोपहर 2 बजे होटल विनायक लक्ष्मी कॉलोनी पड़ाव पर आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि एवं बक्ता मैक्स हॉस्पिटल दिल्ली न्यूरोलॉजी स्पेशलिस्ट डॉ. विक्रमड्डसिंह, भदोरिया रहे। मंचासीन मुख्य अतिथि के रूप डॉ विक्रम भदोरिया जी न्यूरोसर्जन मेक्स हॉस्पिटल, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जे डी सुखानी जी, ग्वालियर चंबल संभाग अध्यक्ष डॉ अर्जुन सिंह कुशवाह जी, सम्भागीय महामंत्री डॉ. जमील खांन जी, प्रदेश सचिव मध्यप्रदेश डॉ धर्मेन्द्र सिंह चौहान एवं जिलाध्यक्ष डॉ अशोक तोमर जी उपस्थित रहे। सभी निजी चिकित्सकों ने डॉ विक्रम साहब के द्वारा दी गई जानकारी से अपना ज्ञानवर्धक किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्त्रह्-राकेश सविता, डा. डी के पन्थ, स्त्रह्-जीतैन्द सक्सेना, स्त्रह्-गणेश कुन्डू, भरत लाल यादव, डा. नरेश सिकरवार, डा. सलीम अहमद, डा. के आनन्द, डा. नीरज साहनी, डा. सुभाष गोस्वामी, डा. बोधराज शास्त्री, डा. मदन आर्य, डा. काकवानी, डा. राजेश पंजवानी, डा.महेश निरंकारी, डा.वीके झा, स्त्रह्-रमेश कठारिया, डा.प्रमोद चौधरी डा.अंकित भदौरिया, डा.टिंकु लोधी, डा.दीपक राठौर, डा. पवन गॉड, डा.नरबरिया, डा.बाथम सहित 150 निजी चिकित्सक मौजुद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ धर्मेंद्र सिंह चौहान एवं आभार डॉक्टर जे एम खान जी ने किया। इस कार्यक्रम के विशेष सहयोगी प्रभात सिंह चौहान जी एवं लखन सिंह सिकरवार जी रहे। दोपहर का लंच भी मुख्य अतिथि वह बक्ता के साथ सभी निजी चिकित्सकों ने किया।

**कार्यक्रम संयोजक**
**डॉ. धर्मेन्द्र सिंह चौहान**
**प्रदेशसचिव**
**इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल प्रैक्टिशनर एसोसिएशन ऑफ इंडिया**
**मीडिया प्रवक्ता एवं संगठन प्रचार प्रसार मंत्री मध्यप्रदेश**
**अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभ**

### श्रीमंत माधवराव सिंधिया व्यापार मेला से वाहन खरीदने पर मिलेगी 50प्रतिशत आरटीओ पंजीयन में छूट

ग्वालियर। श्रीमंत माधवराव सिंधिया व्यापार मेला से वाहन खरीदने पर इस बार भी 50त्न आरटीओ पंजीयन में छूट दिए जाने का निर्णय आज मध्यप्रदेश सरकार की आयोजित केबिनेट की बैठक में लिया गया। आज केबिनेट की बैठक माननीय मुख्यमंत्री-श्री कमलनाथ जी के सानिध्य में आयोजित हुई। बैठक में इस बार भी ग्वालियर व्यापार मेला में मेला अवधि के दौरान वाहन क्रय करने वाले आरटीओ पंजीयन में 50 फीसदी छूट दिए जाने का निर्णय लिया गया। ज्ञात रहे, पूर्व केन्द्रीय मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य जी सिंधिया ने प्रदेश के मुख्यमंत्री, श्री कमलनाथ जी को पत्र लिखकर ग्वालियर व्यापार मेला में 50प्रतिशत छूट देने का आग्रह किया था, जिस पर आज केबिनेट की बैठक में इस पर निर्णय लिया गया। राज्य सरकार के इस निर्णय से ग्वालियर व्यापार मेला में एक बार पुन: रौनक लौटेगी और वाहन खरीददारों को आरटीओ पंजीयन में 50त्न की छूट का लाभ मिलेगा। चेम्बर के अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-ब्रजेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल ने ग्वालियर व्यापार मेला में वाहन खरीददारों को आरटीओ पंजीयन में 50त्न की छूट दिए जाने के केबिनेट के निर्णय का हार्दिक स्वागत् करते हुए, पूर्व केन्द्रीय मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया, माननीय मुख्यमंत्री-श्री कमलनाथ जी, परिवहन, राजस्व मंत्री-श्री गोविंद सिंह राजपूत एवं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री-श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के प्रति हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है।



**रोटरी क्लब ग्वालियर वीरांगना द्वारा पदमा विद्यालय में 100 बच्चियों को स्वेटर डॉ कला जाजू जी द्वारा बांटे गए, इस कार्यक्रम में अध्यक्ष भारती राजौरिया, सचिव रेखा श्रीवास्तवा, सुमन दीक्षित,अंजली बत्रा, राजलक्ष्मी गुप्ता,रेखा अग्रवाल,व समस्त स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।**

## डामरीकरण रोड निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन





**ग्वालियर।** क्षेत्र के विकास के लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्य करना होगा, यह विचार वरिश्ठ भाजपा नेता डॉ. सतीष सिंह सिकरवार ने नाकाचन्द्रवदनी चौराहा से नहर वाली माता तिराहे तक बनने वाली डामरीकरण रोड निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये व्यक्त किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मुन्नालाल गोयल एवं विषिश्ट अतिथि के रूप में पार्शद वार्ड क्रमांक 57 श्रीमती निधि अवधेष कौरव एवं पार्शद वार्ड क्रमांक 59 श्रीमती करूणा स्वतंत्र सक्सेना मौजूद रहे। भूमिपूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये डॉ. सिकरवार ने कहा कि डामरीकरण रोड निर्माण की मांग क्षेत्र के निवासियों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। इस डामरीकरण रोड के निर्माण से क्षेत्र की जनता को काफी फायदा होगा। डॉ. सिकरवार ने जनता को यहा भरोसा दिलाया कि वार्ड में विकास कार्य कभी नहीं रूकेगें। विकास कार्य निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और आमजन को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सब की प्राथमिकता है। डॉ. सिकरवार ने कहा कि क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता है। क्षेत्र की हर समस्या का समाधान करने के लिए में आपके साथ हर समय खड़ा हुआ हूं। आपकी समस्या के निदान के लिए तथा क्षेत्र की जनता को बुनियादी सुविधा दिलाये जाने के लिए हर स्तर तक संघर्श करूंगा। डॉ. सिकरवार ने कहा कि वार्ड के अंदर जो भी विकास कार्य किया जाएगा, वो जनता से विचार-विमर्ष कर उनकी आवष्यकतानुसार प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होने कहा कि क्षेत्रीय जनता की कोई भी समस्या मेरे सामने आयेगी उसे तत्परता से हल करवाया जायेगा।

### डामरीकरण रोड निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

ग्वालियर। क्षेत्र के विकास के लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्य करना होगा, यह विचार वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. सतीष सिंह सिकरवार ने नाकाचन्द्रवदनी चौराहा से नहर वाली माता तिराहे तक बनने वाली डामरीकरण रोड निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये व्यक्त किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मुन्नालाल गोयल एवं विषिश्ट अतिथि के रूप में पार्शद वार्ड क्रमांक 57 श्रीमती निधि अवधेष कौरव एवं पार्शद वार्ड क्रमांक 59 श्रीमती करूणा स्वतंत्र सक्सेना मौजूद रहे।

### एक नजर...

## दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 19 दिसम्बर से भोपाल में




**ग्वालियर।** जेल विभाग म.प्र. एवं बीपीआरएण्डडी नईदिल्ली द्वारा संयुक्त रूप से 19 - 20 दिसम्बर को सैकेंड नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन यूनीफार्मड वुमन इन प्रिजन एडमिनिस्ट्रेशन विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन प्रदेश में पहली बार मध्यप्रदेश जेल विभाग द्वारा सेंट्रल एकेडमी फॉर पुलिस ट्रेनिंग कान्हासैया भोपाल में किया गया है। उक्त सम्मेलन में देश भर के राज्यों के जेलों के बॉर्डर से लेकर महानिरीक्षक स्तर की वर्दीधारी महिला अधिकारी और कर्मचारी/गैर सरकारी संगठनों के सदस्य/शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं अन्य सरकारी विभागों के अधिकारी शामिल होंगे। जेल उप महानिरीक्षक (रक्षा) संजय पाण्डेय ने बताया कि 19 एवं 20 दिसम्बर को आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में जेल विभाग में कार्यरत वर्दीधारी महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु लिंगभेद मुक्त कार्यस्थल, वर्दीधारी महिलाओं की कार्यस्थल पर चुनौतियों पर चर्चा की जायेगी। सम्मेलन में वर्दीधारी महिला अधिकारियों के लिए कार्य और पारिवारिक जीवन में संतुलन एवं वर्दीधारी महिला जेल अधिकारियों को जेल के मुख्य कार्यों एवं दायित्वों से जोड़ने पर भी चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि कार्य स्थल से जुड़ी समस्यायें तथा मानसिक एवं सामाजिक रूप से मजबूत बनाने हेतु कार्य निष्पादन एवं दो ऐसी वर्दीधारी महिला अधिकारी एवं कर्मचारियों की भी चर्चा की जायेगी, जिन्होंने अपनी सेवा अवधि में सफलता पूर्वक चुनौतीपूर्ण कार्य किए हैं।

## डा. भल्ला के साथ हो रही द्वेषपूर्ण कार्यवाही को लेकर भाजपा ने सौंपा ज्ञापन



**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को मोतीमहल स्थित संभागायुक्त कार्यालय पहुंचकर संभागायुक्त एमबी ओझा से मुलाकात कर राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपकर शहर में हो रही द्वेषपूर्ण कार्रवाई को रोकने की मांग की है। भाजपा के प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन के जरिए बताया कि विगत कई दिनों से देखने में आ रहा है कि जिला प्रशासन जानबूझकर मानवता की सेवा में लगे चिकित्सकों को टागरेट कर रहा है। जिसकी खबरें समाचार पत्रों में प्रकाशित होती रहती हैं। हाल ही में डॉ. एसएन भल्ला के साथ भी इसी तरह की द्वेषपूर्ण (बदले) की कार्यवाही को बडी बर्बतापूर्ण अंजाम दिया गया। उनके अस्पताल को नेस्तानाबूद करते हुए जमींदोज कर दिया गया। न्यायालय का सम्मान हम सभी करते हैं जो भी निर्णय हुआ पर जिला प्रशासन उस सम्पति को बिना नुकसान पहुंचाएं भी राज सात कर सकता था पर अस्पताल में भर्ती गंभीर मरीजों को खदेडकर अस्पताल को तालिबानी तरीके से नष्ट किया गया। प्रशासन इतने में भी संतुष्ट नहीं हुआ। डॉ. भल्ला के अन्य प्रतिष्ठानों को जिला प्रशासन द्वारा निशाने पर लिया जा रहा है और उनके परिवार को प्रताडित किया जा रहा है।यह घोर निंदनीय है एवं आपत्तिजनक है। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष देवेश शर्मा ,जय सिंह कुशवाह, विधायक भारत सिंह कुशवाह, डॉ सतीश सिकरवार, राकेश जादौन, डॉ अरविंद राय, महेश उमरैया, रामेश्वर भदौरिया, बृजेंद्र सिंह जादौन, दीपक शर्मा, विनोद शर्मा, सुनील शर्मा, पवन कुमार सेन, धर्मेंद्र सिंह कुशवाह, प्रेम सिंह मौजूद थे।







स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478